# पृष्ठभूमि 7

तुरंत जारी करने हेतु

वित्त मंत्रालय

2021FIN0023-000744

20 अप्रैल, 2021

**बी सी की एक अधिक हरित पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी**

बजट 2021 उस प्रगति को आगे बढ़ाता है जो सरकार ने उत्सर्जन को घटाने और नए अवसर पैदा करने और वहन करने की योग्यता को उभारने के लिए अधिकतर $506 मिलियन का निवेश कर के क्लीन बी सी द्वारा हर एक के लिए एक अधिक शुद्ध, अधिक मज़बूत अर्थव्यवस्था उत्पन्न करने में की है। अल्प-कार्बन अर्थव्यवस्था और उत्सर्जन में कमी के लिए यह निवेश बी सी को एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति की स्थिति में लाने के लिए प्रमुख चीज़ हैं।

भागीदारों के एक बड़े दायरे के द्वारा, सरकार ने जलवायु परिवर्तन, समुदायों की सुरक्षा, बी सी की अर्थव्यवस्था का दायरा बढ़ाने और पूरे प्रांत में लोगों के लिए नई नौकरियाँ और अवसर पैदा करने की चुनौती का सामना करते हुए एक बेहतर भविष्य की नींव रखी है।

प्रांत में नए इलेक्ट्रिक लाईट ड्यूटी वाहनों की बिक्री में नाटकीय ढंग से बढ़ोतरी हुई है, जो उत्तरी अमरीका में सब से अधिक है। बी सी का ज़ीरो-उत्सर्जन क्षेत्र प्रांतीय अर्थव्यवस्था में लगभग $600 मिलियन का योगदान देता है। क्लीन बी सी के अंतर्गत छूटों और कम ब्याज पर वित्त-पोषण से इमारतों में ऊर्जा-रक्षक सुधार करना और ज़्यादा वहन करने योग्य हो गया है, और सरकार उद्योगों से सहयोग कर रही है ताकि उद्योग के लिए क्लीन बी सी प्रोग्राम के द्वारा अधिक शुद्ध प्रौद्योगिकी से और ऊर्जा-कुशलता को बढ़ा कर उत्सर्जन को घटाया जा सके।

स्ट्रॉन्गर बी सी के द्वारा, सरकार ने नौकरियों और स्थिति अनुरूप अधिक ढल सकने वाली एक अर्थव्यवस्था में सहायता देने के लिए $190 मिलियन का निवेश किया है। इस के साथ यातायात में उत्सर्जन घटाने में मदद मिलेगी, अल्प-कार्बन नवरीति मज़बूत होगी, नाज़ुक वाटरशेडों और प्राकृतिक वास को पूर्वावस्था प्राप्ति और सुरक्षा मिलेगी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के साथ साथ इस के प्रभावों के लिए तैयारी की जाएगी।

बजट 2021 के द्वारा निवेशों से पाँच वर्षों के दौरान क्लीन बी सी के लिए कुल माली मदद तकरीबन $2.2 बिलियन तक पहुँच गई है।

**अधिक शुद्ध यातायात**

प्रांतीय सरकार इलेक्ट्रिक कारों को और अधिक वहन करने योग्य बना कर, चार्जिंग स्टेशनों में निवेश कर के और नवीनीकरण योग्य ईंधन का प्रयोग शुरू कर के शुद्ध यातायात की ओर परिवर्तित होने के लिए निवेश करना जारी रख रही है। बजट 2021 में ज़ीरो-उत्सर्जन वाहनों, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों, प्रौद्योगिकी के विकास और स्कूल बसों, फ़ैरियों और सरकारी फ़्लीटों का विद्युतीकरण करने के लिए प्रोत्साहन के लिए $130 मिलियन रखे गए हैं। इस में शामिल है:

- $94 मिलियन के साथ ज़ीरो-उत्सर्जन वाहन, चार्जिंग स्टेशन खरीदने के लिए गो इलेक्ट्रिक प्रोग्राम के अंतर्गत छूटों और हैवी-ड्यूटी वाहनों के व्यापारीकरण में सहायता दी जाएगी।
- $18 मिलियन, क्रियाशील यातायात बुनियादी ढांचे के लिए, जैसे कि बाइक लेनें, साइड वाक और मल्टी-यूज़ पाथवे।
- इलेक्ट्रिक बाइकों पर पी एस टी की छूट ताकि और ज़्यादा क्रियाशील यातायात को उत्साहित किया जा सके जिस से ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को सालाना अंदाज़न $7 मिलियन की बचत होगी।
- $10 मिलियन, ताकि ईंधन की कार्बन तीव्रता को घटाने के लिए और बी सी में हाईड्रोजन अर्थव्यवस्था के विकास के लिए आगे और नीति विकसित की जा सके।

**बेहतर इमारतें, और ज़्यादा मज़बूत समुदाय**

बजट 2021 के द्वारा इमारतों में ऊर्जा-कुशलता, शहरी योजनाबंदी और दूरवर्ती एवं मूलवासी समुदायों में डीज़ल का प्रयोग घटाने के लिए माली मदद को बढ़ा कर समुदायों को ज़्यादा शुद्ध, और ज़्यादा मज़बूत बनाने में सहायता मिलेगी। इस में शामिल है:

- $46 मिलियन, ऊर्जा-कुशल इमारतों और समुदायों के लिए, जिस में दूरवर्ती समुदायों में बिजली उत्पादन के लिए डीज़ल का उपभोग घटाने के लिए $34 मिलियन शामिल हैं।
- $12 मिलियन, स्कूलों में कार्बन न्यूटरल कैपिटल प्रोग्राम के अंतर्गत ऊर्जा-कुशलता का स्तर बढ़ाने के लिए।
- $11 मिलियन, ताकि स्थानिक सरकारों की गठित, ऊर्जा-कुशल समुदायों के लिए योजना बनाने में मदद करने के लिए एक नया प्रोग्राम विकसित किया जा सके और उस के लिए माली मदद दी जा सके।

प्रांतीय सरकार एक संपत्ति-निर्धारित शुद्ध ऊर्जा ढांचा विकसित करने के लिए भी वचनबद्ध है, ताकि घरों के मालिकों और इमारतों के मालिकों को ऊर्जा-कुशल सुधार करने के लिए वित्तीय मदद दी जा सके जिस के साथ ख़र्च और उत्सर्जन घटेगा।

**उद्योगों और क्लीनटेक से सहयोग**

उत्सर्जन घटाने, क्लीन-टेक क्षेत्र का दायरा बढ़ाने और वैश्विक प्रतियोगितात्मकता को मज़बूत करने के लिए प्रांतीय सरकार उद्योग के लिए क्लीन बी सी प्रोग्राम के लिए नई माली मदद के रूप में $96 मिलियन प्रदान कर के उद्योग के साथ भागीदारी करना जारी रख रही है। यह तीन-वर्षीय निर्धारण $519 मिलियन तक होगा और यह कार्बन टैक्स में होने वाली नियोजित वृद्धि के अनुरूप है। बजट 2021 यह भी प्रदान करेगा:

- $60 मिलियन, ताकि फेडरल सरकार के साथ भागीदारी के अवसरों का दायरा बढ़ाने के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड क्लीन एनर्जी को सहायता दी जा सके और कलीनटेक निवेश किए जा सकें। यह सेंटर बी सी में शुद्ध प्रौद्योगिकी के विकास और व्यापारीकरण में मदद करेगा- जिस से बढ़िया नौकरियाँ उत्पन्न होंगी और अल्प-कार्बन भविष्य की ओर परिवर्तित होने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी के विकास की गति तेज़ होगी।
- इस के इलावा, क्लाइमेट एक्शन सेकरेट्रीएट के लिए $4 मिलियन की माली मदद ताकि जलवायु के प्रति कार्यवाही के लिए उपाय विकसित करने के लिए मूल्यांकन सामर्थ्य को मज़बूत किया जा सके, जिस से शुद्ध, समावेशी आर्थिक विकास मज़बूत होगा।
- माली योजना के दौरान, उद्योगों के लिए क्लीन बी सी प्रोग्राम के द्वारा $519 मिलियन की माली मदद, ताकि उद्योगों की, जिस में जंगलात और खनन संचालन विधियां भी शामिल हैं, अल्प-कार्बन प्रौद्योगिकी की ओर परिवर्तित होने में मदद की जा सके।

**जलवायु अनुकूलता एवं तत्परता**

प्रांतीय सरकार जलवायु से संबंधित तैयारी और अनुकूलता को मज़बूत करने के लिए उपक्रमों में निवेश करना भी जारी रख रही है। जलवायु से संबंधित ख़तरों के प्रति बेहतर कार्यवाही करने के लिए और इस के प्रभावों को घटाने के लिए बी सी की जलवायु तत्परता और अनुकूलता रणनीति के पहले पड़ाव के रुप में योजनाबंदी और कार्यवाही में सहायता देने के लिए बजट 2021 में $6 मिलियन प्रदान किये गए हैं।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710